तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने ज़ीरो-निकासी वाली बसों की हिमायत करते हुए, उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक बस ट्रांज़िट फैसिलिटीज में से एक के निर्माण की योजना बनाई है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (12 जून, 2020) – 10 जून, 2020 को ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल (Brampton City Council) ने, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट (Brampton Transit) की पूरी तरह इलेक्ट्रिक ट्रांज़िट देखभाल वाली और स्टोरेज वाली फेसिलिटी के लिए योजनाओं को मंज़ूरी दी है। यह सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की, ग्रीन सिटी (Green City) बनाने की प्रतिबद्धता में एक बड़ी उपलब्धि है। ब्रैम्पटन ट्रांज़िट की तीसरी फैसिलिटी, उत्तरी अमेरिका (North America) में बनाई गई नई बस फैसिलिटीज में से एक होगी, जो आने वाले समय में, पूरी तरह इलेक्ट्रिक, ज़ीरो-निकासियों वाले बस फ्लीट को सहयोग करने में मदद करेगी।

इस नई फैसिलिटी को 2022 में शुरू करते हुए दो चरणों में बनाने का लक्ष्य है। फेज 1, 2024 के अंत में पूरा होने का अनुमान है। नई फैसिलिटी के फेज 1 में लगभग 250 बसें खड़ी होने और फेज 2 में अतिरिक्त 188 बसें खड़ी होने की क्षमता का अनुमान है, मतलब कुल 438 बसें। पूरी इलेक्ट्रिफिकेशन संबंधी जरूरतों सहित, इस फैसिलिटी का निर्माण, सरकार के दूसरे महकमों से फंड मिलने पर निर्भर है।

डिज़ाइन प्रक्रिया और आवश्यक फंड उपलब्ध होने के मुताबिक, फैसिलिटी की विशेषताओं में निम्नलिकिथ कार्य शामिल हो सकते हैं, लेकिन ये इन तक सीमित नहीं हैं:

- ज़ीरो-निकासी वाली बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों को सहयोग करने के लिए, उच्च-पावर (600kWh) वाले ओवरहेड पैंटोग्राफ स्टाइल के चार्जर और रातभर प्लग लगाकर रखने के स्टाइल वाले चार्जर।
- ज़ीरो-निकासी वाली फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक बसों को सहयोग करने के लिए, आने वाले समय में हाइड्रोजन स्टोरेज टैंक्स और/या हाइड्रोजन पैदा करने वाले उपकरण पर विचार।
- सबसे अधिक बिजली प्रयोग के स्तर का पता लगाने और चुस्त ग्रिड प्रबंधन सहित, सर्वोत्तम ऊर्जा कुशलता प्रदान करने के लिए, ऑन-साइट ऊर्जा स्टोरेज क्षमता।
- फ्लीट को चार्ज करने के लिए आवश्यक पावर मांग को सहयोग करने के लिए सबस्टेशन (उदाहरण के लिए 20 मेगावाट)।
- पूरी तरह इलेक्ट्रिक बस फ्लीट को सहयोग करने के लिए आवश्यक, उच्च वोल्टेज सिस्टमों और खास देखभाल उपकरण और टूल्स की मुरम्मत में सहयोग करने के लिए, फैसिलिटी के देखभाल वाले हिस्से में समर्पित क्षेत्र।

इस फैसिलिटी के फेज 1 में इलेक्ट्रिफिकेशन जरूरतों के लिए मौजूदा उच्च ऑर्डर का अनुमानित खर्च $120-$150 मिलियन है। इसमें वे अतिरिक्त निवेश शामिल नहीं हैं, जो पूरी तरह से इलेक्ट्रिक ज़ीरो-निकासी वाले बस फ्लीट को पेश करने, इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने

या प्रॉपर्टी के अलावा, आवश्यक अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए जरूरी हैं, जैसे सड़कों पर (ऑन-स्ट्रीट) ईचार्जर (eChargers) और पावर ग्रिड सुधार।

इलेक्ट्रिक बसों को नई विकास बसों के तौर पर, मौजूदा बसों में शामिल किया जाएगा। पुरानी बसों के स्थान पर नई बसें, ब्रैम्पटन के 10-वर्षीय पूंजी अनुमान और मंज़ूर किए गए बजटों के आधार पर खरीदी जाती हैं। इन बजटों में शामिल हैं, इन्वेस्टिंग इन कैनेडा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोग्राम (आई.सी.आई.पी.) (Investing in Canada Infrastructure Program) (ICIP) और अन्य फंडिंग।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन और ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल, नई फैसिलिटी के लिए डिज़ाइन और फंडिंग के काम को आगे बढ़ाने के लिए, इकट्ठे मिलकर काम कर रही हैं। मौजूदा राइडरशिप, पिछले तीन सालों में में आबादी में काफी अधिक वृद्धि और भविष्य के लिए प्रस्तावित वृद्धि के आधार पर, यह नई ट्रांज़िट फैसिलिटी, ब्रैम्पटन के लिए बेहद जरूरी है।

तीसरी फैसिलिटी के बारे में अधिक जानने के लिए, रिपोर्ट के लिए यहां (here) क्लिक करें।

**पृष्ठभूमि – 2021 में, ब्रैम्पटन में बस पायलट प्रोजेक्ट आ रहा है**

जुलाई 2019 में, मेयर पैट्रिक ब्राउन ने ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल की ओर से, ब्रैम्पटन में मुख्य उपलब्धि, पैन-कैनेडियन इलेक्ट्रिक बस डेमोनस्ट्रेशन एंड इंटीग्रेशन ट्रायल (Pan-Canadian Electric Bus Demonstration and Integration Trial) में कैनेडा सरकार (Government of Canada) द्वारा बड़े निवेश का स्वागत किया था।

माननीय मिनिस्टर ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज, कैथरीन मकैना (Catherine McKenna) ने पायलट प्रोजेक्ट के फेज 1 में $11.15 मिलियन का फंड देने का ऐलान किया था। यह प्रोजेक्ट, ब्रैम्पटन में बैटरी से चलने वाली इलेक्ट्रिक बसों का टेस्ट करेगा। इस तरह का पहला ग्लोबल, एकीकरण प्रोजेक्ट, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट और कैनेडियन अर्बन ट्रांज़िट रिसर्च एंड इनोवेशन कोन्सोर्टियम (सी.यू.टी.आर.आई.सी.) (Canadian Urban Transit Research and Innovation Consortium) (CUTRIC), पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसों के निर्माताओं, न्यू फ्लायर इंडस्ट्रीज (New Flyer Industries) और नोवा बस (Nova Bus) और चार्जिंग स्टेशन निर्माताओं ए.बी.बी. (ABB) और सीमन्स (Siemens) के बीच में जारी सहयोग का परिणाम है। यह बेजोड़ पहलकदमी, ब्रैम्पटन में इलेक्ट्रिक बसों को लागू करने के लिए सरकार के कई महकमों, बस और चार्जर निर्माताओं, सिस्टम इंटीग्रेटरों, शिक्षा संबंधी समुदायों और फंडिंग साझेदारों को जोड़ा है।

आज, ब्रैम्पटन ट्रांज़िट वातावरण स्थिरता में सबसे आगे (लीडर) है और इसके पास 125 डीजल-इलेक्ट्रिक हाईब्रिड ज़ूम बसों का फ्लीट है, जो इसके पूरे फ्लीट का 28 प्रतिशत है।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन स्थिर ट्रांस्पोर्टेशन में सबसे आगे है। अच्छी तरह जुड़ा हुआ और स्थिर ट्रांज़िट नेटवर्क, कैनेडा के इनोवेशन कॉरिडोर पर हमारी स्थिति को खास बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। मुझे, आगे की सोचने वाली ऐसी काउंसिल का हिस्सा होने पर गर्व है। यह ठोस कदम हमारे शहर को, जलवायु बदलाव संबंधी हमारे लक्ष्यों को हासिल करने के लिए और आगे बढ़ाएंगे। चूंकि बैटरी से चलने वाली प्रत्येक

इलेक्ट्रिक बस बर की सेवा देने से, हम हर साल, प्रति बस, लगभग 235 टन C02 निकासी बचा पाएंगे। हमने ब्रैम्पटन में ज़ीरो-निकासी वाली बसें लाने के लिए और हमारे निवासियों को एक शानदार ट्रांज़िट सिस्टम प्रदान करने के लिए, फेडरल सरकार के साथ साझेदारी जारी रखी हुई है।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"इस तरह की पहली, पूरी तरह से इलेक्ट्रिक ट्रांज़िट फैसिलिटी बनाना और आने वाले समय में इसे, पूरी तरह इलेक्ट्रिक, ज़ीरो निकासी वाले बस फ्लीट में बदलना, हमारे वातावरण में छोड़ी जाने वाली संपूर्ण कार्बन की मात्रा को कम करने और ग्रीन सिटी बनाने की, काउंसिल की प्रतिबद्धता पर आधारित है। यह, ब्रैम्पटन में पैदा होने वाली ग्रीनहाउस निकासियों को 2050 तक 80 प्रतिशत तक घटाने के हमारे सफर में बड़ी उपलब्धि होगी।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, स्थिर और ऊर्जा से भरपूर ट्रांज़िट सिस्टम बनाने के लिए नवीनताकारी और व्यवहारिक हल ढूंढने के लिए प्रतिबद्ध है। यह काउंसिल के लिए प्राथमिकता है और हम लगातार, ग्रीनहाउस गैस निकासियों को घटाने, ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने, आर्थिक लाभ पैदा करने और जलवायु संबंधी बदलाव में लचीलापन बढ़ाने के रास्ते तैयार कर रहे हैं।"

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca